भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4045

सोमवार, 18 अगस्त, 2025/27 श्रावण, 1947, (शक)

पुणे स्थित केपीएमजी में युवती की मृत्यु

4045. एडवोकेट डीन कुरियाकोस:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि**:**

(क) क्या सरकार ने पुणे स्थित केपीएमजी में कार्य संबंधी तनाव के कारण हुई एक युवती की मृत्यु की जांच कराई है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार को इस संबंध में कोई रिपोर्ट प्राप्त हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यह सुनिश्चित करने के लिए कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो, सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?,

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (ग): 'श्रम' समवर्ती सूची के अंतर्गत आने के कारण, श्रम कानूनों को राज्य सरकारों और केंद्र सरकार द्वारा अपने-अपने अधिकार क्षेत्रों में लागू किया जाता है। केंद्रीय क्षेत्र में, इसे केंद्रीय औद्योगिक संबंध तंत्र (सीआईआरएम) के निरीक्षण अधिकारियों के माध्यम से लागू किया जाता है, जबकि राज्य क्षेत्र में इसका अनुपालन, राज्य के श्रम प्रवर्तन तंत्र के माध्यम से सुनिश्चित किया जाता है।

मौजूदा श्रम कानूनों के अनुसार, काम के घंटों और ओवरटाईम आदि सहित काम करने की स्थितियों को कारखाना अधिनियम, 1948 और संबंधित राज्य सरकारों के दुकान और प्रतिष्ठान अधिनियमों के प्रावधानों के माध्यम से विनियमित किया जाता है। निजी क्षेत्र सहित, अधिकांश प्रतिष्ठान दुकान और प्रतिष्ठान अधिनियम द्वारा शासित होते हैं, जिसके लिए समुचित सरकार राज्य सरकार है।

*****